दिनांक : 06.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संकेत धुन

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

- भारत और वियतनाम के बीच डिजिटल, व्यापार और संस्कृति समेत कई क्षेत्रों में समझौते, चंपा सभ्यता की पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण करेगा भारत ।
- पश्चिम बंगाल में 9 मई को भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के शामिल होने की उम्मीद ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल रानी कमलापति स्टेशन से 1100 श्रद्धालुओं के साथ सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी।

और

- डॉ. यादव ने बुरहानपुर में उद्यमियों से किया संवाद, निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट का किया ऐलान ।

अब समाचार विस्तार से

**भारत और वियतनाम समझौते**

भारत और वियतनाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति तो लाम के बीच हुई वार्ता के बाद डिजिटल प्रौद्योगिकी, दुर्लभ मृदा तत्व, चिकित्सा उत्पाद, डिजिटल भुगतान और संस्कृति-पर्यटन समेत कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। श्री मोदी ने कहा कि भारत वियतनाम की प्राचीन चंपा सभ्यता के मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रहा है और अब उसकी पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण भी करेगा।

**पीएम- रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 19 जिलों को कवर करने वाली रेलवे परियोजनाओं को मंत्रिमंडल की

मंजूरी का स्वागत किया. श्री मोदी ने कहा कि इससे कनेक्टिविटी, पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने का भी निर्णय लिया है।

**बंगाल शपथ ग्रहण**

पश्चिम बंगाल में नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। राज्य भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने बताया कि समारोह सुबह 10 बजे शुरू होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

**गैस आपूर्ति**

केंद्र सरकार ने बताया है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। घरेलू उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को 70 प्रतिशत तक आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि करीब 95 प्रतिशत सिलेंडर प्रमाणीकरण कोड के जरिए डिलीवर किए जा रहे हैं। इसके अलावा 6 लाख 31 हजार नए पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं और 49 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं।

**सीएम- सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से 1100 श्रद्धालु शामिल होंगे। यह विशेष रेलगाड़ी भोपाल और उज्जैन से तीर्थयात्रियों को लेकर सोमनाथ रवाना होगी, जहां श्रद्धालु सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे।

**बुरहानपुर -मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बुरहानपुर के श्री परमानंद गोविंदजीवाला सभागृह में आयोजित 'उद्यमी संवाद' कार्यक्रम में उद्योगपतियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यापारियों के हित में सरकार "राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड" बनाने का फैसला कर चुकी है। उन्होंने ऐलान किया कि जल्द ही निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट होगी, जिससे उद्योगों को और बढ़ावा मिलेगा।

**उपमुख्यमंत्री- एम्स भोपाल बैठक**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज एम्स भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर प्रदेश में ऑर्गन ट्रांसप्लांट गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा की। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट पैकेज बढ़ाने और हार्ट व लंग ट्रांसप्लांट को शामिल करने का सुझाव रखा गया। श्री शुक्ल ने कहा कि ऑर्गन डोनर्स को गार्ड ऑफ ऑनर और उनके परिजनों को राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित कर दान की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**ओबीसी- फ्री ट्रेनिंग**

प्रदेश सरकार ओबीसी युवाओं को सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना' के तहत 45 दिन का निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देगी। इसका लाभ 4000 युवाओं को मिलेगा। योजना के लिए 12वीं पास, प्रदेश के मूल निवासी और ओबीसी नॉन-क्रीमीलेयर युवा पात्र हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई शाम 6 बजे तक है। इच्छुक युवा bcwelfare.mp.gov.in वेबसाइट पर जाकर ज्यादा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**गेहूं खरीदी**

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का काम तेजी से जारी है और अब तक 8 लाख 12 हजार किसानों से 44 लाख 16 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी पूरी हो चुकी है। इसके लिए करीब 7 हजार 400 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है. किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीदी की आखिरी तारीख 9 मई से बढ़ाकर 23 मई और खरीदी केंद्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई है।

## सप्लीमेंट्री परीक्षा कल से शुरू

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा कल से शुरू हो रही है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो मुख्य परीक्षा में फेल हुए हैं या अपने नंबर बेहतर करना चाहते हैं।

## नेशनल लोक अदालत

प्रदेश में 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में नागरिकों को संपत्तिकर और जलकर के बकाया सरचार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। 50 हजार रुपये तक के संपत्तिकर और 10 हजार रुपये तक के जलकर के मामलों में सरचार्ज पूरी तरह माफ होगा, जबकि इससे अधिक बकाया पर 25 से 75 प्रतिशत तक की रियायत मिलेगी।

## सोना चांदी कीमत

आज सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त देखी गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3 हजार रुपए बढ़कर करीब 1.51 लाख रुपए और एक किलो चांदी 9 हजार रुपए उछलकर करीब 2 लाख 49 हजार रुपए पर पहुंच गई है।

## आईपीएल

आईपीएल में आज शाम 7.30 बजे पंजाब किंग्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ का शेड्यूल और वेन्यू भी घोषित कर दिया है। 26 मई को धर्मशाला में क्वालीफायर होगा। 1, 27 और 29 मई को न्यू चंडीगढ़ में एलिमिनेटर और क्वालीफायर 2 खेला जाएगा, जबकि 31 मई को दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल होगा।

## संक्षिप्त समाचार

- बिहार राज्य में पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने आज आगरमालवा जिले के नलखेड़ा पहुंचकर मां बगलामुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की।
- प्रदेश में चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों ने आज भोपाल स्थित लोक शिक्षण संचालनालय के सामने प्रदर्शन किया और लंबित नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की।
- मंडला में कलेक्टर ने जनगणना रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के भ्रमण के लिए रवाना किया।
- शिवपुरी में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में नामांतरण, बटवारा और सीमांकन प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।
- बैतूल में कलेक्टर ने आमला स्थित एसडीएम व तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।
- गुना में आयोजित खेली एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में जिले के 15 खिलाड़ियों ने ग्वालियर संभाग टीम में जगह बनाकर द्वितीय स्थान हासिल किया।
- आगरमालवा और मंदसौर में में प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के लिए प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- सीहोर में पुलिस ने वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर करीब 10 लाख रुपए के चोरी के वाहन बरामद किए।
- जबलपुर में नगर निगम ने गौरीघाट पर 'थ्री आर' यानी रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल सेंटर तैयार कर नवाचार की मिसाल पेश की।
- विदिशा के ग्राम कछवा में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर 15 वर्षीय नाबालिग बालिका का बाल विवाह समय रहते रोक दिया।
- शिवपुरी जिले के 340 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत आरक्षित 1325 सीटों में से प्रथम चरण में 1183 सीटों पर प्रवेश हो चुका है, जबकि बची हुई सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

------------------------